(b) if so, the causes thereof ?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI S. B. CHAVAN) : (a) and (b) The demographic data available from the provisional results of the 1991 Census released so far are the size and sex composition of the population. Statement I enclosed gives the decadal growth rates of population in various States and the changes in the growth rates compared to the previous decade 1971 —81. [See Appendix CLXIV, Annexure No 1] Statement II enclosed gives the sex ratios of the population of various States. [See Appendix CLXIV, Annexure No 2].

As the compilation of data on other demographic characteristics like age, marital status, migration and for fertility of the population is in progress. These data are not available. It is, therefore, not possible at this stage to specify the reasons for the comparatively sharper changes in the decadal growth rates of population in respect of Goa, Gujarat, Karnataka, Kerala, Mizoram, Sikkim and Nagaland. In each of these States, the change in growth rate is more than 5 per centage points as against a decrease of 1.10% for the country as a whole. It is also not possible to pin-point at this stage the reasons for the sharp fall in the sex ratio of the population of Bihar.

दिल्ली विधान सभा तथा नगर निगम के लिए चुनाव

*5. **डा० बापू कालदाते :**
श्री शंकर दयाल सिंह :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने निर्वाचन क्षेत्रों के विनिर्धारण संबंधी कार्य को पूरा कर लिया है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने दिल्ली विधान सभा तथा नगर निगम के चुनावों के संबंध में कोई निर्णय ले लिया है;

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और ये चुनाव कब तक कराये जाने की संभावना है; और

(घ) यदि नहीं तो, उसके क्या कारण हैं ?

गृह मंत्री (श्री एस० बी० चव्हाण) (क) जी नहीं श्रीमान् । तथापि चुनाव आयोग ने 22-5-92 को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधान सभा के लिए निर्वाचन क्षेत्रों के निर्धारण के लिए मसौदा प्रस्ताव प्रकाशित किया है और इन प्रस्तावों के संबंध में आपत्तियां और सुझाव मांगे हैं । आपत्तियों और सुझावों पर विचार करने के बाद निर्वाचन क्षेत्रों के निर्धारण के आदेश चुनाव आयोग द्वारा शासकीय राजपत्र में प्रकाशित किए जाएंगे ।

(ख) से (घ) चुनाव आयोग द्वारा निर्वाचन क्षेत्रों के अंतिम आदेश प्रकाशित किए जाने के बाद ही राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधान सभा के लिए चुनाव कराए जा सकते हैं। दिल्ली नगर निगम का पुनर्गठन करने के बाद ही निगम के लिए चुनाव कराने के प्रश्न पर विचार किया जाएगा । इस उद्देश्य के लिए आवश्यक विधायी प्रस्तावों को अंतिम रूप दिया जा रहा है ।

वृन्दावन को हरा-भरा बनाने की योजना

*6. **श्री राम नरेश यादव :**

क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वृन्दावन (उत्तर प्रदेश) के विकास के लिए उस नगर को हरा-भरा बनाने की कोई योजना है,

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है,

(ग) सरकार उस योजना को कब तक कार्यान्वित करने का विचार रखती है ; और

(घ) उस पर कितनी धनराशि खर्च किए जाने का अनुमान है ?